Share Department, Finance Division, HO Plot No.4 Sector 10, Dwarka, New Delhi-110075
Tel No's: 011-28044866, E-mail: hosd@pnb.co.in

| Scrip Code : PNB | Scrip Code : 532461 |
|---|---|
| The Asstt. Vice President<br>National Stock Exchange of India Limited<br>"Exchange Plaza",<br>Bandra – KurlaComplex, Bandra (E),<br>**Mumbai – 400 051** | The Dy. General Manager<br>Bombay Stock Exchange Limited<br>1st Floor, PhirozeJeejeebhoy Towers<br>Dalal Street, **Mumbai – 400 001** |

19.06.2019

Dear Sir (s),

**Reg.: Publication in Newspaper - Notice of E-Voting in respect of AGM to be held on 12.07.2019**

This is in continuation of our letter dated 30.05.2019 vide which date of Annual General Meeting was conveyed.

The exchange is now informed that E-Voting notice to the effect has been published in Business Standard newspaper (English and Hindi Edition) on 19.06.2019 (copy enclosed).

This is in compliance of Regulation 47 of the SEBI (LODR) Regulations, 2015.

Thanking you,

Yours faithfully,

पंजाब नैशनल बैंक Punjab National Bank शेयर विभाग वित्त प्रभाग Share Deptt. Finance Div. प्र.का., सेक्टर-10, द्वारका, नई दिल्ली-75 H.O., Sector-10, Dwarka, New Delhi-75

**(Balbir Singh)**
**Company Secretary**

19-06-2019

ALL EDITIONS

BUSINESS STANDARD (ENGLISH)

BUSINESS STANDARD (HINDI)

पंजाब नैशनल बैंक ...भरोसे का प्रतीक ! punjab national bank ...the name you can BANK upon!

Share Department, Finance Division,
Head Office, Plot No. 4, Sector 10, Dwarka, New Delhi-110075
Email Id: hosd@pnb.co.in, Tel # 011-28044857

## NOTICE OF E-VOTING AND BOOK CLOSURE

1. Notice is hereby given that the 18th Annual General Meeting (AGM) of the Bank will be held on Friday, 12th July, 2019 at 10.00 AM at Multipurpose Hall of Punjab National Bank, Head Office, Plot No. 4, Sector 10, Dwarka, New Delhi 110075 to transact the business as set forth in the notice dated 28th May, 2019.
2. The electronic copies of Notice of AGM and Annual Report for 2018-19 have been sent to all members whose email IDs are registered with the STA/Depository Participant(s). Notice of AGM and Annual Report for 2018-19 have been sent to all other members at their registered address in the permitted mode.
3. The notice is also displayed on our website www.pnbindia.in and on the website of National Securities Depository Limited (NSDL) https://www.evoting.nsdl.com.
4. The Bank has completed dispatch of aforesaid notice and Annual Report in Physical Form to the shareholders whose email id is not registered with the STA/depositories on 18th June, 2019 and email to the shareholders whose email id registered with the Bank/depositories on 14th June, 2019.
5. Members holding shares either in physical form or dematerialized form, as on cut-off date 05th July, 2019 may cast their vote electronically, in terms of Regulation 44 of the SEBI (Listing Obligations and Disclosure Requirements) Regulations, through electronic voting system provided by Securities Depository Limited (NSDL) from place other than the venue of AGM (remote e-voting). All members are hereby informed that:
   a. The business as set forth in the notice of the AGM may be transacted through voting by electronic means. Remote e-voting is optional.
   b. The remote e-voting shall commence on 09th July, 2019 at 09.00 AM.
   c. The remote e-voting shall end on 11th July 2019 at 05.00 PM and shall be disabled by NSDL for voting thereafter.
6. Any person who acquires the shares of the Bank and become member of the Bank, after dispatch of the notice of AGM and holding shares as on cut-off date i.e. 05th July, 2019 should follow the same procedure for e-Voting as mentioned in the notice.
7. A person whose name is recorded in the register of members or in the register of beneficial owners maintained by the depositories as on the cut-off date 05th July, 2019 only shall be entitled to avail the facility of remote e-voting as well as voting in the general meeting.
8. Members may note that once the vote on a resolution is cast by the member shall not be allowed to change it subsequently. The members who have cast their vote by remote e-voting prior to the meeting may attend the meeting but shall not be entitled to cast their vote again.
9. The members who have not cast vote through remote e-voting, facility for voting through Tablet based electronic voting system shall be made available at the venue of the Meeting by NSDL. After verification of DP ID/Client ID or Folio No. along with signature, the e-vote key will be issued at the time of registration to shareholders at the venue of the general meeting.
10. A Member can opt for only one mode of voting, i.e. remote e-voting or voting through Tablet at the AGM. If a Member casts vote by both modes, then vote cast through e-voting shall prevail and later shall be treated as invalid.
11. The procedure of electronic voting is available in the Notice of the Annual General Meeting as well as in the email sent to the Members by NSDL. In case the shareholder has any queries or issues regarding e-voting, he/she may refer the Frequently Asked Questions (FAQs) for Shareholders and e-voting user manual for Shareholders available at the Downloads section of www.evoting.nsdl.com or call on toll free no.: 1800-222-990 or contact Ms. Pallavi Mhatre, Manager, at 02224994545 or send a request at Pallavid@nsdl.co.in / evoting@nsdl.co.in.
12. It is strongly recommended not to share the individual password with any other person and to take utmost care to keep it confidential.
13. The results of e-voting will be announced by the Bank on its website and also informed to the stock exchanges within the prescribed time limit after the AGM.
14. The Register of Shareholders and Share Transfer Books of the Bank will remain closed from 08.07.2019 to 12.07.2019 (both days inclusive).

For **Punjab National Bank**
**(Balbir Singh)**
**Company Secretary**

Place: New Delhi
Date: 18.06.2019

---

पंजाब नैशनल बैंक ...भरोसे का प्रतीक ! punjab national bank ...the name you can BANK upon!

शेयर विभाग, वित्त प्रभाग,
प्रधान कार्यालय : प्लॉट नं. 4, सेक्टर–10, द्वारका, नई दिल्ली–110075
(ईमेल: hosd@pnb.co.in) टेली: 011–28044857

## ई–वोटिंग और लेखाबंदी की सूचना

1. बैंक की 18वीं वार्षिक आम बैठक (एजीएम) दिनांक 28 मई 2019 की सूचना में दिए गए कारोबार को निष्पादित करने हेतु शुक्रवार 12 जुलाई 2019, प्रातः10.00 बजे पंजाब नैशनल बैंक, हेड ऑफिस,प्लॉट नं. 4, सेक्टर –10, द्वारका, नई दिल्ली–110075 में आयोजित की जाएगी ।
2. वार्षिक आम बैठक की सूचना और वार्षिक रिपोर्ट 2018–19 की इलैक्ट्रॉनिक प्रति सभी सदस्यों जिनकी ई–मेल आईडी एसटीए / डिपॉजिटरी पार्टिसिपेंट के साथ पंजीकृत हैं, को भेज दी गई हैं । अन्य सभी सदस्यों को वार्षिक आम बैठक की सूचना और वार्षिक रिपोर्ट 2018–19 की प्रति उनके पंजीकृत पते पर अनुमत विधि द्वारा भेज दी गयी है ।
3. सूचना हमारी वेबसाइट www.pnbindia.in और नेशनल सिक्योरिटीज डिपॉजिटरी लिमिटेड (एनएसडीएल) की वेबसाइट https://www.evoting.nsdl.com पर भी प्रदर्शित की गई है ।
4. बैंक ने भौतिक रूप में उन शेयरधारकों को नोटिस 18 जून, 2019 को भेज दिए है, जिनकी ईमेल आईडी एसटीए / डिपॉजिटरी के साथ पंजीकृत नहीं है और उन शेयरधारकों को ईमेल 14 जून 2019 को भेज दिया गया है, जिनकी ईमेल आईडी बैंक / डिपॉजिटरी के साथ पंजीकृत है।
5. सदस्य जो कट–ऑफ तिथि दिनांक 5 जुलाई 2019 तक मूर्त या अमूर्त रूप में शेयरधारित करते हैं, वे सेबी (सूचीबद्धता बाध्यताएँ और प्रकटीकरण अपेक्षाएँ) विनियमन के विनियम 44 की शर्तानुसार एजीएम स्थल के अलावा अन्य स्थान (रिमोट ई–वोटिंग) से नेशनल सिक्योरिटीज डिपॉजिटरी लिमिटेड (एनएसडीएल) द्वारा उपलब्ध कराए गए इलैक्ट्रॉनिक वोटिंग सिस्टम के माध्यम से अपना वोट इलैक्ट्रॉनिक रूप से दे सकते हैं। सभी सदस्यों को एतद्द्वारा सूचित किया जाता है कि:
   क. एजीएम की सूचना में दिए गए कारोबार इलैक्ट्रॉनिक माध्यम द्वारा वोटिंग के माध्यम से निष्पादित किया जा सकेगा । रिमोट ई–वोटिंग वैकल्पिक है।
   ख. रिमोट ई–वोटिंग 9 जुलाई 2019 को प्रातः 9.00 बजे से शुरू होगी ।
   ग. रिमोट ई–वोटिंग 11 जुलाई 2019 को सायं 5.00 बजे समाप्त होगी और उसके पश्चात एनएसडीएल द्वारा वोटिंग सुविधा को अक्षम कर दिया जाएगा।
6. कोई सदस्य जिसने एजीएम सूचना डिस्पैच होने के बाद बैंक के शेयर अर्जित किए हो और बैंक का सदस्य बना है तथा कट–ऑफ तिथि अर्थात दिनांक 5 जुलाई 2019 को शेयर धारित करता है, तो वह ई–वोटिंग के लिए नोटिस में यथा उल्लिखित प्रक्रिया का पालन करें ।
7. केवल वही व्यक्ति रिमोट ई–वोटिंग करने के साथ–साथ आम बैठक में मतदान करने की सुविधा प्राप्त करने के पात्र होंगे जिनका नाम कट–ऑफ तिथि 5 जुलाई 2019 को सदस्यों के रजिस्टर या डिपॉजिटरी द्वारा बनाए गए हिताधिकारी स्वामियों के रजिस्टर में दर्ज है।
8. सदस्य नोट करें कि संकल्प पर एक बार अपना वोट देने के बाद उसे बाद में परिवर्तन की अनुमति नहीं दी जाएगी । वह सदस्य जिसने बैठक से पहले ही रिमोट ई–वोटिंग द्वारा अपना वोट दे दिया है बैठक में भाग ले सकता है परंतु वह दोबारा अपना वोट देने के लिए पात्र नहीं होगा।
9. वह सदस्य जिसने रिमोट ई–वोटिंग के माध्यम से अपना वोट नहीं किया है वह एनएसडीएल द्वारा उपलब्ध कराए गए टैबलेट आधारित इलैक्ट्रानिक वोटिंग सिस्टम के माध्यम से बैठक स्थल पर अपना वोट कर सकता है। हस्ताक्षर के साथ डीपी आईडी/क्लाइंट आईडी या फोलियो के सत्यापन के पश्चात, ई–वोट की (key) आम बैठक स्थल पर शेयरधारकों के पंजीकरण के समय जारी की जाएगी।
10. सदस्य बैठक में वोटिंग की केवल एक विधि अर्थात् रिमोट ई–वोटिंग या टैबलेट आधारित इलैक्ट्रानिक वोटिंग के माध्यम से अपना वोट डाल सकता है । यदि कोई सदस्य दोनों विधियों के माध्यम से अपना वोट देता है तो ई–वोटिंग के माध्यम से दिया गया वोट मान्य होगा और टैबलेट आधारित इलैक्ट्रानिक वोटिंग के माध्यम से दिया गया वोट अवैध माना जाएगा ।
11. इलैक्ट्रॉनिक वोटिंग की प्रक्रिया एजीएम नोटिस में देने के साथ ही एनएसडीएल द्वारा सदस्यों को ई–मेल भी कर दिया गया है । ई–वोटिंग के संबंध में यदि शेयरधारक कोई पूछताछ या मामला उठाना चाहता है तो वह शेयरधारकों के लिए अक्सर पूछे जाने वाले प्रश्न (FAQ) का संदर्भ ले सकता है और शेयरधारकों के लिए ई–वोटिंग उपयोगकर्ता मैनुअल www.evoting.nsdl.com के डाउनलोड सेक्शन पर भी उपलब्ध है या टोल फ्री नं0 1800–222–990 या सुश्री पल्लवी म्हात्रे, प्रबंधक, 02224994545 पर संपर्क कर सकते हैं या ई–मेल आईडी Pallavid@nsdl.co.in / evoting@nsdl.co.in पर अनुरोध भेज सकते है।
12. यह दृढ़तापूर्वक अनुशंसा की जाती है कि अपना व्यक्तिगत पासवर्ड किसी के साथ साझा न करें और इसे गोपनीय रखने के लिए अत्यन्त सावधानी बरतें ।
13. ई–वोटिंग का परिणाम बैंक द्वारा अपनी वेबसाइट पर घोषित किया जाएगा और एजीएम के पश्चात निर्धारित समयावधि के अंदर स्टॉक एक्सचेंज पर भी सूचित किया जाएगा ।
14. बैंक के शेयरधारकों का रजिस्टर और शेयर अंतरण बही दिनांक 08.07.2019 से 12.07.2019 तक (दोनों दिन सहित) बंद रहेगी ।

कृते **पंजाब नैशनल बैंक**
**(बलबीर सिंह)**
कम्पनी सचिव

नई दिल्ली
दिनांक:18.06.2019